संख्या-15/2018/2948/22-2-2017-17(441)/2016

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 05 जनवरी, 2018***

विषय:- केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी बाबू पुत्र श्री भगवान दीन, निवासी जनपद-सीतापुर वर्तमान जनपद लखनऊ की दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्यालय कारागार के पत्र संख्या-40317/प्रोबे0-5-दयायाचिका/820 दिनांक 09.11.2017 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- उक्त पत्र दिनांक 09.11.2017 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार केन्द्रीय कारागार, बरेली में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी बाबू पुत्र श्री भगवान दीन, निवासी ग्राम अलाईपुर, थाना-सिधौली हाल थाना अटरिया, जनपद-सीतापुर हालपता-मकान न0-536/140/03, मदेयगंज खदरा, सीतापुर रोड, थाना हसनगंज, जनपद लखनऊ का रहने वाला है। बन्दी द्वारा दिनांक 17.12.1978 को 04 सहअभियुक्तों के साथ मिलकर बन्दूक व बल्लम से मारकर 02 व्यक्तियों की हत्या कर अपराध कारित किया गया है। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-329/1979 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-302/149, 323, 148 में मा0 द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीतापुर के आदेश दिनांक 22.08.1980 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया, जिसे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 07.08.2002 तथा मा0 उच्चतम न्यायालय के आदेश दिनांक 28.10.2003 द्वारा यथावत रखा गया। बन्दी द्वारा दिनांक 05.06.2017 तक 14 वर्ष 04 माह 22 दिन की अपरिहार एवं 19 वर्ष 02 माह 09 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। जिला मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति की गयी है। दयायाचिका समिति द्वारा कारित अपराध की प्रकृति, काटी गयी सजा के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है।

3- उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी बाबू (बन्दी संख्या-37529) पुत्र श्री भगवान दीन, निवासी-जनपद-सीतापुर की संविधान के अनुच्छेद-161 के अन्तर्गत दयायाचिका के आधार पर समयपूर्व रिहाई सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा **अस्वीकार** कर दी गयी है। कृपया उपरोक्त से बन्दी को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-15/2018/2948/(1)/22-2-2017, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, सीतापुर/लखनऊ।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, केन्द्रीय कारागार, बरेली।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in